गुजविप्रौवि में 'मूक ऑन स्वयम् प्लेटफॉर्म' विषय पर कार्यशाला आयोजित

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के मनोविज्ञान विभाग के सौजन्य से 'मूक (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) ऑन स्वयम् प्लेटफॉर्म' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गुजविप्रौवि के फिजिक्स विभाग के शिक्षक एवं मूक कोर्सेज के नोडल अधिकारी डा. विवेक गुप्ता विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार ने की।

विभाग के मूक कोर्सेज समन्वयक डा. गोविन्द यादव ने कार्यशाला का समन्वय किया। मुख्य वक्ता डा. विवेक गुप्ता ने बताया कि वर्तमान व्यस्त जीवन में हम ऑनलाइन कोर्सेज में पंजीकरण करके अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मूक से विद्यार्थी कौशल कोर्सेज करके रोजगारपरक हो सकते हैं। इन सभी कोर्स का संबंध शिक्षा मंत्रालय से है तथा सभी मान्यता कोर्स हैं। विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में विद्यार्थियों को मूक के महत्व व उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया।

साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के संदर्भ में मूक की उपयोगिता के बारे में साधारण तरीके से बताया। धन्यवाद संबोधन डा. गोविन्द यादव ने किया।

उन्होंने मुख्य वक्ता व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंच संचालन विभाग की छात्रा खुशी व एकता ने किया।